FORM NO III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

सहायक कलेक्टर, चौथिका

मुकाम

गोपाल राम बनाम दीपाराम जोशी

111/128 नं.

6 सन 2019

तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
5/3/19	पेश हुआ / हुई ... तथा/बनाम ... किया जावे। प्रतिवादी / अप्रार्थी ... नोटिस जारी हो ... को पेश होवे 2/4/19 सहायक कलेक्टर एवं उप खण्ड अधिकारी, चौथिका	
2/4/19	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी उप./ अप्रार्थीगण 2 से 12 तक की ओर से कोई उपस्थित श्री राधेश्याम जोशी ने वकालतनामा पेश किया। [illegible] जवाब हेतु व अप्रार्थीगण 13 की ओर से कोई हाजिर नहीं इसलिए उनके विरुद्ध कार्यवाही एकतरफा की जाती है। [illegible] जवाब हेतु दिनांक 21/5/2019 को पेश हो।	
	पत्रावली पेश हुई ... आवश्यक ... पेश होवे ... दिनांक 2/5 ... को पेश हो।	
9/5/19	पत्रावली पेश हुई। वकील पक्षकारान उप.। वकील पक्षकारान की बहस सुनी [illegible] प्रार्थना पत्र गई। प्रार्थीगण [illegible] स्वीकार किया जाता है। पत्रावली [illegible] पृथक किया जाकर [illegible] पत्रावली कैंसल हुआ [illegible] दाखिल दफ्तर हो। कार्य की जावे सहायक कलेक्टर, चौथिका	

न्यायालय सहायक कलेक्टर एवम उपखण्ड अधिकारी ओसियाँ

पीठासीन अधिकारी :– रतनलाल रेगर (आर ए एस)

प्रार्थना पत्र संख्या 06 / 2019

प्रार्थीगण :–

1. धोकलराम पुत्र श्री राजूराम
2. हिम्मताराम पुत्र श्री राजूराम
3. अमानाराम पुत्र श्री राजूराम
4. जेठाराम पुत्र श्री लाबुराम
5. बगताराम पुत्र श्री लाबूराम
6. किस्नाराम पुत्र श्री लाबूराम
7. मोहनराम पुत्र श्री रामूराम
8. भवरूराम पुत्र श्री रामूराम
9. भियाराम पुत्र श्री रामूराम
10. भानाराम पुत्र श्री रामूराम

सभी जाति जाट निवासी ग्राम डउकियो का बास चेराई तहसील ओसियाँ जिला जोधपुर

<u>बनाम</u>

<u>अप्रार्थीगण :–</u>

1. दीपाराम पुत्र श्री बुघाराम
2. भीखाराम पुत्र श्री केहराराम
3. बगताराम पुत्र श्री केहराराम
4. पदमाराम पुत्र श्री केहराराम
5. विशनाराम पुत्र श्री केहराराम
6. जोधाराम पुत्र श्री उरजाराम
7. डालाराम पुत्र श्री उरजाराम
8. चुतराराम पुत्र श्री उरजाराम
9. रतनाराम पुत्र श्री उरजाराम
10. बिडदाराम पुत्र श्री कानाराम
11. रामूराम पुत्र श्री नवलाराम
12. नोजी पत्नी श्री नवलाराम

सभी जाति जाट निवासी ग्राम [illegible] का बास [illegible] तहसील ओसियाँ जिला जोधपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Ratan Lal Regar
Date: 2021.07.13 10:29:20 IST
Reason: SelfAttested

<u>प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 128 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम</u>

सहायक कलेक्टर, ओसियाँ

उपस्थिति :–

Scanned by CamScanner

प्रार्थीगण की ओर से :– दिनेश कुमार गदेरणा

अप्रार्थीगण की ओर से :– रामकिशोर ओझा

निर्णय

दिनॉक 22/5/19

प्रार्थीगण की ओर से प्रार्थना पत्र इस आशय का पेश किया तहसील ओसियॉ के ग्राम डउकियो का बास पटवार क्षेत्र चेराई की सरहद में स्थित खेत खसरा नम्बर 2957 रकबा 20 बीघा 16 बिश्वा भूमि प्रार्थीगण की खातेदारी व कब्जा काश्त सुदा आयी हुई है प्रार्थी की भूमि के पडौस में ही उत्तर दिशा की तरफ अप्रार्थीगण संख्या 01 की खातेदारी व कब्जा काश्त सुदा भूमि खसरा सख्या 2963 रकबा 78 बीघा 08 बिश्वा भूमि व उतरी पूर्वी दिशा में खसरा सख्या 2959 रकबा 11 बीघा 12 बिश्वा भूमि आयी हुई है। अप्रार्थीगण ने प्रार्थीगण की खातेदारी व कब्जा काश्त सुदा भूमि की तरफ की सीमाओ को आगे पीछे करके खुर्द बुर्द करना शुरू कर दी थी। इसलिए प्रार्थीगण नें अपनी खातेदारी व कब्जा काश्त सुदा भूमि की पैमाईस करवाने बाबत प्रार्थना पत्र श्रीमान तहसीलदार साहब ओसियॉ के समक्ष पेश किया व नियमानुसार राशि राजकोश में जमा करवाकर के नियमानुसार हल्का पटवारी से दिनॉक 12.02.2019 को सीमाकन करवाया सीमाज्ञान के समय अप्रार्थी व अन्य मोतबीर भी उपस्थित थे जिनके हस्ताक्षर हल्का पटवारी द्वारा पैमाइस रिपोर्ट पर करवाये । मौके पर प्रार्थीगण की खातेदारी व कब्जा काश्त सुदा भूमि की पैमाईस करके हल्का पटवारी ने सीमा चिन्ह बताये व मिटटी के कच्चे थम्बूडे बनाये उस स्थान पर प्रार्थी पत्थर रोपने लगे तो अप्रार्थीगण ने बाधा व रूकावट पैदा की जिस पर प्रार्थी ने अप्रार्थीगण को काफी समझाईस भी की लेकिन अप्रार्थीगण नही मान रहे है तथा कह रहे है कि हम उक्त पैमाईस से सन्तुष्ट नही है तथा सेन्टलमेन्ट टीम से पैमाईस करवाने हेतु अडे हुए है तथा मौके पर लडाई झगडा करने पर आमादा है । इसलिए प्रार्थी उक्त भूमि की पत्थर गडडी करवाने हेतु यह प्रार्थना पत्र पेश कर रहा है। सीमाकन/पैमाईस रिपोर्ट की नकल सलग्न प्रार्थना पत्र पेश है। अप्रार्थीगण अपनी भूमि की पैमाईस नही करवा करके प्रार्थीगण की भूमि पर प्रार्थीगण की सीमा को खुर्द बुर्द कर अतिक्रमण करना चाहते है। इसलिए प्रार्थीगण अपनी भूमि की सीमाओ पर पत्थर गडडी करवाना चाहता है। अन्त में ईस्तदुआ चाही कि प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि तहसील ओसियॉ के राजस्व ग्राम डउकियो का बास के खेत खसरा सख्या 2957 रकबा 20 बीघा 16 बिश्वा भूमि की [illegible] विभाग से टीम गठित करवाकर पुनः सीमाज्ञान कर [illegible] पर [illegible] गडडी करवाने का आदेश फरमावे साथ ही एस.एच.ओ. ओसियॉ को [illegible] कि उक्त पत्थर गडडी के कार्य सम्पादन में समुचित पुलिस इमदाद दिलायी जावे।

Signature Not Verified
Digitally signed by Ratan Lal Regar
Date: 2021.07.13 10:29:20 IST
Reason: SelfAttested

प्रार्थी का उक्त प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया जिस पर अप्रार्थीगण की ओर से अधिवक्ता ने वकालातनामा पेश किया बहस उभय पक्षकारान सुनी गयी । पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया चूकि प्रार्थीगण अपनी खातेदारी भूमि के सीमाज्ञान

Scanned by CamScanner

को पत्थरगडडी करवाना चाहते है। जो प्रार्थीगण का विधिक अधिकार है प्रार्थी द्वारा हल्का पटवारी से सीमाज्ञान के पश्चात सेन्टलमेन्ट की टीम से भी सीमाज्ञान करवाया जो सीमाज्ञान रिपोर्ट प्रार्थी द्वारा पेश की गयी है। इसलिए प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है।

—::आदेश::—

अत प्रार्थीगण की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता हे तथा तहसीलदार ओसियॉ को आदेश दिया जाता है कि टीम गठित कर सेन्टलमेन्ट विभाग जोधपुर द्वारा किये गये सीमाज्ञान दिनॉक 09.05.2019 के अनुसार तहसील ओसियॉ के राजस्व ग्राम डउकियो का बास चेराई के खसरा सख्या 2957 रकबा 28 बीघा 01 बिश्वा भूमि का उभय पक्षकारान की उपरिथिति में पुन सीमाज्ञान कर सीमाज्ञान की पत्थरगडडी की जावे तथा थानाधिकारी पुलिस थाना ओसियॉ को आदेशित किया जाता है कि वक्त पत्थरगडडी समुचित पुलिस ईमदाद उपस्थित रखे ताकि मौके पर अशान्ति नही हो।

(रतनलाल रेगर)
आर.ए.एस.
सहायक कलेक्टर ओसियॉ

आदेश आज दिनॉक 28/5/19 को हस्ताक्षरित करके खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(रतनलाल रेगर)
आर.ए.एस
सहायक कलेक्टर ओसियॉ

Signature Not Verified

Digitally signed by Ratan Lal Regar
Date: 2021.07.13 10:29:20 IST
Reason: SelfAttested

Scanned by CamScanner